दिनांक–06.07.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत प्रदेश में लगाए जाएंगे साढ़े पांच करोड़ पौधे। अभियान का शुभारम्भ मुख्यमंत्री आज भोपाल से करेंगे।
- संपूर्णता अभियान में आकांक्षी जिलों के कायाकल्प के लिए चौतरफा प्रयास जारी, कई जिलों में हुए आयोजन।
- प्रदेश को घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मिला सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार।
- राज्य में बारिश का दौर जारी, सोमवार से और भी ज्यादा बारिश की सम्भावना।

समाचार विस्तार सेः–

**एक पेड़ मां के नाम अभियान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ पेड़ लगाए जाएंगे। अभियान का शुभारम्भ आज मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव करेंगे।

**सम्पूर्णता अभियान**

संपूर्णता अभियान कार्यक्रम डिंडोरी जिले में विकासखंड बजाग के ग्राम जल्दाबोना में आयोजित किया गया। जिला पंचायत सीईओ विमलेश सिंह ने कहा कि जिन ग्रामीण अंचलों में आवागमन के साधन उपलब्ध नहीं हैं वहां पर उसी ग्राम के स्व सहायता समूह के सदस्यों को आजीविका एक्सप्रेस तूफान योजना के तहत चार पहिया वाहन उपलब्ध कराकर आवागमन हेतु सुविधा मुहैया कराई जा रही है। कार्यक्रम में आजीविका मिशन के अंतर्गत सीसीएल वितरण में 35 समूहों को 92 लाख राशि प्रदान किए गए। जबकि कृषको को कोदो-कुटकी बीज वितरण किया गया।

वहीँ, कटनी जिले की जनपद पंचायत रीठी में भी सम्पूर्णता अभियान शुरू हुआ। रीवा जिले के के सिरमौर विकासखण्ड में माड़ौ तथा जवा विकासखण्ड मुख्यालय में आज सम्पूर्णता अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

**विस सत्र**

प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र कल खत्म हो गया। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दी। एक जुलाई से शुरू हुआ यह सत्र 19 जुलाई तक प्रस्तावित था।
इससे पहले तीन जून मोहन यादव सरकार ने अपना पहला पूर्ण बजट पेश किया। जिस पर दो दिन चली चर्चा के बाद बजट पारित हो गया। वहीं सरकार ने अंतिम दिन चार विधेयक भी पारित करा लिए।

**मुख्यमंत्री टीकमगढ़**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टीकमगढ़ जिले के छिपरी ग्राम में कल एक जनसभा में प्रदेश में चल रही चार बड़ी योजनाओं में 2 करोड़ 89 लाख हितग्राहियों के बैंक खातों में 3 हजार 575 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। इनमें मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना में 1 करोड़ 29 लाख महिलाओं के बैंक खाते में 1 हजार 574 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में प्रदेश के 81 लाख से अधिक किसानों को वर्ष 2024-25 की प्रथम किश्त और योजना की 9वीं किश्त की राशि 1 हजार 630 करोड़ रुपये जारी की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने छिपरी ग्राम का नाम बदलकर मातृ धाम करने की भी घोषणा की। कार्यक्रम को केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने भी संबोधित किया।

**रक्षा अलंकरण समारोह**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को 36 वीरता पुरस्कार प्रदान किए। नई दिल्ली में कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह चरण-एक में ये पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें दस कीर्ति चक्र और 26 शौर्य चक्र शामिल हैं। सियाचिन ग्लेशियर में अपने साथियों की जान बचाते हुए 11 जनवरी 2023 को बलिदान हुए मुरैना जिले की अंबाह तहसील निवासी भारतीय सेना के हवलदार विवेक सिंह तोमर को भी मरणोपरांत शौर्य सम्मान से अलंकृत किया गया है।

**मप्र पर्यटन पुरस्कार**

मध्यप्रदेश को घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। प्रदेश को मेलों और त्यौहारों को बढ़ावा देने के लिए भी सर्वश्रेष्ठ राज्य के सम्मान से पुरस्कृत किया गया है। ये पुरस्कार कल आईटीसीटीए संस्था द्वारा अंतरराष्ट्रीय पर्यटन एक्सपो-कॉन्क्लेव और यात्रा पुरस्कार के 9वें संस्करण में प्रदान किए गए। पुरस्कार मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की अतिरिक्त प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी तथा मप्र पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक अमन मिश्रा ने ग्रहण किये।

**निकाय प्रशंसा पत्र**

सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट ग्रेडिंग पाने वाले निकायों को प्रशंसा-पत्र जारी किए हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत अंक पाने वाले नगर निगमों में बुरहानपुर, छिन्दवाडा और सिंगरौली सम्मिलित हैं। जिला शहरी विकास अभिकरण बैतूल और सीहोर को भी प्रशंसा पत्र दिया गया है। नगर पालिका परिषदों की श्रेणी में उच्च प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले नगरों के अर्न्तगत सीहोर, बैतूल और वारासिवनी को कम से कम 40 शिकायतों के समाधान के लिए एवं इंदरगढ़, बनखेडी एवं कोठरी नगर परिषद को कम से कम 20 शिकायतों के समाधान के लिए प्रशंसा-पत्र दिया गया है।

**मौसम**

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। भोपाल और इंदौर समेत 23 जिलों में कल पानी गिरा। ग्वालियर में सड़कों पर पानी भर गया। डिंडौरी में नर्मदा नदी उफान पर आ गई। पन्ना में दो बहनें नाले में पानी के तेज बहाव में बह गई। मौसम विभाग के अनुसार आज भी ऐसा ही मौसम रहेगा। मौसम विभाग ने ग्वालियर-चंबल में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीँ, कल से यह सिस्टम फिर से स्ट्रॉन्ग होगा। इसलिए सोमवार से भारी बारिश हो सकती है।

**एनबीईएमएस-एफएमजीई**

विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा-एफएमजीई आज देश के 50 शहरों में 71 केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। इसका आयोजन राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड कर रहा है। स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने परीक्षार्थियों से अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा है।

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने भी सोशल मीडिया की भ्रामक ख़बरों को अनदेखा करने की सलाह दी है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि प्रश्न-पत्र अवैध तरीक़े से हासिल करने की कोशिश करने वालों से सख़्ती से निपटा जाएगा।

**महिला क्रिकेट**

महिला क्रिकेट में, दक्षिण अफ्रीका ने चेन्नई के एम ए चिदम्बरम स्टेडियम में कल तीन मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में भारत को 12 रन से हरा दिया। जीत के लिए 190 रन का पीछा करते हुए भारतीय महिलाओं ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 177 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 189 रन बनाए।

**यूरो फुटबॉल**

स्पेन और फ्रांस यूरो कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। जर्मनी के स्टुटगार्ट में, पहले क्वार्टर फाइनल में स्पेन ने जर्मनी को 2-1 से पराजित किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में फ्रांस ने पुर्तगाल को पेनल्टी शूटआउट में तीन के मुकाबले पांच गोल से पराजित कर दिया है।

प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल 9 जुलाई को जर्मनी के म्यूनिख में और दूसरा सेमीफाइनल 10 जुलाई को डॉर्टमन्ट में खेला जायेगा। फाइनल 14 जुलाई को बर्लिन में होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी जिले के कोलारस में एक आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपने संसदीय क्षेत्र में माफिया राज को नहीं पनपने देंगे। चाहे रेत माफिया हो, खदान माफिया हो, भू-माफिया हो या राशन माफिया। किसी को भी नहीं बक्शा जाएगा।
- महिला एवं बाल विकास केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने गंधवानी के नित्यानन्द आश्रम परिसर में कल एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया।
- केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा कार्पोरेट राज्यमंत्री हर्ष मलहोत्रा आज आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित माँ बगलामुखी मंदिर में आ रहे हैं। वे यहाँ से इन्दौर के लिये प्रस्थान करेगें।
- इंदौर में कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं श्रम और रोजगार, पर्यावरण वन और जलवायू परिवर्तन केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा बीएसएफ परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया जावेगा।

- संभागायुक्त इंदौर एवं आईजी ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए कल बैठक की।
- मंदसौर में नगर परिषद पिपलिया मंडी के कर्मचारियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत 200 पौधे लगाए गए।
- रायसेन नगर पालिका द्वारा शहर के वार्ड 4 के अंतर्गत आने वाले रामपुर में अवैध रूप से काटी जा रही दो कॉलोनी पर कल कार्रवाई की गई है।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत प्रदेश में लगाए जाएंगे साढ़े पांच करोड़ पौधे। अभियान का शुभारम्भ मुख्यमंत्री आज भोपाल से करेंगे।
- संपूर्णता अभियान में आकांक्षी जिलों के कायाकल्प के लिए चौतरफा प्रयास जारी, कई जिलों में हुए आयोजन।
- प्रदेश को घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मिला सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार।
- राज्य में बारिश का दौर जारी, सोमवार से और भी ज्यादा बारिश की सम्भावना।

....................................